भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 677

उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025

दूरसंचार नेटवर्कों के बीच ऑल-आईपी इंटरकनेक्शन के संबंध में ट्राई का प्रस्ताव

677. श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंतः
श्री सुरेश कुमार शेटकरः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पता है कि ट्राई ने कॉल की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए दूरसंचार नेटवर्कों के बीच डिजिटल "ऑल-आईपी" इंटरकनेक्शन को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है और यदि हॉ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को पता है कि 4जी और 5जी विस्तार के दावों के बावजूद, प्रमुख निजी ऑपरेटर अभी भी पुरानी एनालॉग प्रणालियों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आवाज की खराब गुणवत्ता का सामना करना पड़ रहा है और यदि हाँ, तो उन्नयन में देरी के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि दूरसंचार कंपनियॉ टैरिफ वृद्धि के माध्यम से उपयोगकर्ताओं पर वित्तीय बोझ डाले बिना अपने इंटरकनेक्शन एआई नेटवर्क अवसंरचना को आईपी-आधारित प्रणाली में उन्नत करें;

(घ) क्या सरकार ट्राई मानदंडों के तहत लगातार कॉल ड्रॉप और सेवा की खराब गुणवत्ता के लिए निजी दूरसंचार कंपनियों को जवाबदेह ठहराएगी;

(ङ) क्या सरकार उचित इंटरकनेक्ट पहुँच सुनिश्चित करने और बड़े निजी संचालकों का एकाधिकार न होने देने के लिए बीएसएनएल और एमटीएनएल जैसे सार्वजनिक और छोटे ऑपरेटरों को सुरक्षा प्रदान करेगी;

(च) क्या सरकार ने छोटे क्षेत्रीय दूरसंचार ऑपरेटरों और ग्रामीण कनेक्टिविटी के संबंध में अनिवार्य आईपी संक्रमण के आर्थिक निहितार्थों का अध्ययन किया है; और

(छ) क्या सरकार ट्राई की परामर्श प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाएगी और विनियमों को अंतिम रूप देने से पहले उपभोक्ता अधिकार समूहों और विपक्ष के नेतृत्व वाले राज्य प्रतिनिधियों को इसमें शामिल करेगी?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क): भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) वर्तमान इंटरकनेक्शन विनियमों की व्यापक समीक्षा कर रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विनियामक रुपरेखा प्रौद्योगिकी के विकास और दूरसंचार क्षेत्र में परिवर्तनों को ध्यान में रखा जाए।

(ख) से (घ): दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) उन्नत प्रणालियों पर संचालित हो रहे हैं और समय-समय पर अपनी प्रणाली को अपग्रेड करते रहते हैं।

ट्राई परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर लाइसेंस सेवा क्षेत्र में मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को छोड़कर सभी टीएसपी अक्टूबर-25 माह में सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) बेंचमार्क को पूरा कर रहे हैं। जहाँ भी सेवा प्रदाता ट्राई द्वारा निर्धारित क्यूओएस बेंचमार्क को पूरा नहीं करते हैं, वहाँ विनियम के अनुसार मापदंड का पालन न करने पर वित्तीय डिसइंसेंटिव लगाया जाता है।

(ङ) से (छ): ट्राई ने दिनांक 10.11.2025 को "इंटरकनेक्शन मामलों पर वर्तमान ट्राई विनियमों की समीक्षा" विषय पर परामर्श पत्र जारी किया है।

परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। हितधारकों के साथ चल रही परामर्श प्रक्रिया के निष्कर्ष के आधार पर, ट्राई द्वारा इंटरकनेक्शन विनियमों से जुड़े मामलों पर उपयुक्त निर्णय लिया जाएगा।

*****